दि चॉकलेट बॉक्स एंड लाउंज में करवाया फैशन-शो

फास्ट मीडिया

लुधियाना, अजय पाहवा। एमबीडी नियोपोलिस मॉल में दि चॉकलेट बॉक्स एड लाउंज के शानदार लॉन्च की खुशी में पहले दिन चॉकलेट थीम पर फेशन-शो करवाया गया। इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन (आईएनआईएफडी) ने सहयोग किया। हाल ही में कई पुरस्कार जीतने वाले फूड एवं बेवरेज ब्रांड- दि चॉकलेट बॉक्स एंड लाउंज ने लुधियाना के लैंडमार्क शॉपिंग ठिकाने, एमबीडी नियोपोलिस मॉल में अपनी लांचिंग की घोषणा की। आंखों पर पट्टी बांधकर चॉकलेट चखने का सेशन, स्पिन दि व्हील, मॉल में आने वाले लोगों के जन्मदिन की पार्टी और विवाह, वर्षगांठ आदि बहुत उत्साह और धूमधाम से मनाई गई। एमबीडी ग्रुप की ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर सोनिका मल्होत्रा कंधारी ने कहा कि चॉकलेट बॉक्स की ख्याति डिजाइनर चॉकलेट और डिजाइनर केक के लिए है। इस फैशन ईवेंट को हमारे नामी शेफ्स की रचनात्मकता और कारीगरी दिखाने के लिए प्लान किया गया।

फास्ट मीडिया
Sun, 05 May 2019
https://www.readwhere.com/read/c/39115214